# PAPER-III
# PERCUSSION INSTRUMENTS

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) ____________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : .............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________
(In words)

**J A 0 9 8 1 7**

Time : **2 ½** hours] [Maximum Marks : **150**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **75**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of seventy five multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the test booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचहत्तर बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## PERCUSSION INSTRUMENTS
## PAPER – III

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** A Farmaishee Chakkardar is completed in how many minimum cycles ?

(1) Four (2) Five

(3) Six (4) Seven

**2.** A player would have to begin with which Mātrā to come to sam after playing theka of Jhaptāl first in dugun once and then in chaugun once only ?

(1) After $2\frac{1}{2}$ (2) After $2\frac{2}{3}$

(3) After $2\frac{1}{4}$ (4) After 2

**3.** Which layakari will be formed in playing char tāl in Kaharava tāl from sam to sam ?

(1) $\frac{3}{2}$ (2) $\frac{2}{3}$

(3) $\frac{3}{4}$ (4) $\frac{4}{3}$

**4.** A tāl of 8 beats (matras) in Ravindra Sangeet is :

(1) Jhampak (2) Nataal

(3) Rupkada (4) Navpanch Taal

**5.** Read Assertion (A) and Reason (R) and give the correct answer with the help of codes given below :

**Assertion (A) :** The compositions which are expanded are called Vistarsheel bandishen.

**Reason (R) :** Tukdas are called Vistarsheel Bandishen in Tabla.

**Codes :**

(1) (A) and (R) both are true. (2) (A) and (R) both are false.

(3) (A) is true and (R) is false. (4) (A) is false and (R) is true.

**6.** Each Charan of Bharauva Chhand consists of how many Mātrās ?

(1) 4-4 (2) 5-5

(3) 3-3 (4) 6-4

# अवनद्ध वाद्य

## प्रश्नपत्र – III

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** फरमाईशी चक्करदार न्यूनतम कितने आवर्तन में होती है ?

(1) चार (2) पाँच

(3) छह (4) सात

**2.** झपताल के ठेके को, उसी ताल में, एक-एक बार दुगुन व चौगुन बजाकर सम पर आने हेतु किस मात्रा से प्रारम्भ किया जायेगा ?

(1) $2\frac{1}{2}$ के बाद (2) $2\frac{2}{3}$ के बाद

(3) $2\frac{1}{4}$ के बाद (4) 2 के बाद

**3.** कहरवा ताल में चार ताल सम से सम तक बजाने पर कौन सी लयकारी बनेगी ?

(1) $\frac{3}{2}$ (2) $\frac{2}{3}$

(3) $\frac{3}{4}$ (4) $\frac{4}{3}$

**4.** रवीन्द्र संगीत में आठ मात्राओं का ताल है

(1) झम्पकताल (2) नवताल

(3) रुपकड़ा (4) नवपंचताल

**5.** अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़ें और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनें :

**अभिकथन (A) :** जिन बंदिशों का विस्तार किया जाता है वे विस्तारशील बंदिशें कहलाती हैं ।

**कारण (R) :** तबले में टुकड़े विस्तारशील बंदिश कहलाते हैं ।

**कूट :**

(1) (A) व (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) व (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) सही है व (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है व (R) सही है ।

**6.** भड़ौवा छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ आती हैं ?

(1) 4-4 (2) 5-5

(3) 3-3 (4) 6-4

**7.** Match List – I with List – II. Use the code given below for right answer :

| | **List – I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Shattantri Veena | (i) | Hudukka |
| (b) | Awaj | (ii) | Mardal |
| (c) | Morchang | (iii) | Santoor |
| (d) | Muraj | (iv) | Mukhchang |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**8.** The only tāl of Karnatak tāl system which consist 'Anudrut'

(1) Dhruva Taal
(2) Mathya Taal
(3) Jhamp Taal
(4) Triputh Taal

**9.** The book Tablā Shāshtra written by Madhukar Ganesh Godebole was published in which of the following cities ?

(1) New Delhi
(2) Hatharas
(3) Allahabad
(4) Benaras

**10.** In which of the following books, the percussion instruments have been called 'Vitat' ?

(1) Padmavat
(2) Geet Govind
(3) Ratnakar
(4) Brihatdeshi

**11.** Which among the following is written in a right chronological order according to their emergence as Gharanas ?

(1) Delhi, Lucknow, Farrukhabad, Ajrada, Benaras
(2) Delhi, Ajrada, Farrukhabad, Lucknow, Benaras
(3) Delhi, Ajrada, Lucknow, Farrukhabad, Benaras
(4) Delhi, Lucknow, Ajrada, Farrukhabad, Benaras

**12.** How many bits are there in each bar of quadruple compound time in western music ?

(1) 4-4
(2) 5-5
(3) 6-6
(4) 9-9

**7.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए । कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | शततन्त्री वीणा | (i) | हुडुक्का |
| (b) | आवाज | (ii) | मर्दल |
| (c) | मोरचंग | (iii) | सन्तूर |
| (d) | मुरज | (iv) | मुखचंग |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**8.** कर्नाटक ताल पद्धति का एकमात्र ताल जो अणुद्रुत युक्त है

(1) ध्रुवताल (2) मठ्यताल
(3) झम्पताल (4) त्रिपुटताल

**9.** मधुकर गणेश गोड़बोले द्वारा लिखित पुस्तक "तबला शास्त्र" का प्रकाशन किस शहर में हुआ था ?

(1) नई दिल्ली (2) हाथरस
(3) इलाहाबाद (4) बनारस

**10.** अवनद्ध वाद्यों के लिये वितत शब्द का प्रयोग किस ग्रन्थ में हुआ ?

(1) पद्‌मावत (2) गीत-गोविन्द
(3) रत्नाकर (4) बृहद्देशी

**11.** घरानों का सही ऐतिहासिक क्रम चुनें :

(1) दिल्ली, लखनऊ, फर्रुख़ाबाद, अजराड़ा, बनारस
(2) दिल्ली, अजराड़ा, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बनारस
(3) दिल्ली, अजराड़ा, लखनऊ, फर्रुखाबाद, बनारस
(4) दिल्ली, लखनऊ, अजराड़ा, फर्रुखाबाद, बनारस

**12.** पाश्चात्य संगीत में क्वाड्रुपल कम्पाउन्ड टाईम के प्रत्येक विभाग में कितनी-कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(1) 4-4 (2) 5-5
(3) 6-6 (4) 9-9

**13.** Which tablā player was conferred upon a degree of D.Lit. by Jivaji University, Gwalior ?

(1) Pt. Kishen Maharaj
(2) Ustad Jahangir Khan
(3) Ustad Zakir Hussain
(4) Ustad Ahmed Jan Thirakava

**14.** Konark Mahotsav is organized at which of the following places ?

(1) Bhubaneshwar
(2) Banaras
(3) Bombay
(4) Cuttack

**15.** The artist who equally expertises in Shahnai and Bansuri :

(1) Pt. Rajendra Prasanna
(2) Shree Durgalal
(3) Shree Ajay Shankar
(4) Shree Rakesh Prasanna

**16.** Which one is different from the other three ?

(1) Nakhaj
(2) Vayuj
(3) Charmaj
(4) Jalaj

**17.** "Tat Vitat Shikhar Ghan tara |
Pancho Shabda Hoi Jhankara ||"
– is an extract from which of the following granthas ?

(1) Padmavat
(2) Sangeet Darpan
(3) Makarand
(4) Sangeet Sār

**18.** Kamāli Chakradār in teen tāl could be played without any change in which other tāl ?

(1) Ektāl
(2) Basant
(3) Rupak tāl
(4) Jhap tāl

**19.** A player would have to begin with which Mātrā to come to sam after playing thekā of Gaj-jhampā tāl first in dugun once and then in chaugun once only ?

(1) After $3\frac{1}{2}$
(2) After $3\frac{3}{4}$
(3) After $3\frac{1}{4}$
(4) After $3\frac{1}{3}$

**20.** Bedam Tihai in Rudra tāl will consist of how many varnas ?

(1) 13
(2) 15
(3) 17
(4) 19

**13.** किस तबला वादक को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से डी.लिट्. की उपाधि प्रदान की गई ?

(1) पं. किशन महाराज (2) उ. जहांगीर खाँ

(3) उ. ज़ाकिर हुसैन (4) उ. अहमद जान थिरकवा

**14.** कोणार्क महोत्सव कहाँ आयोजित होता है ?

(1) भुबनेश्वर (2) बनारस

(3) बंबई (4) कटक

**15.** शहनाई एवं बांसुरी दोनों ही वाद्य बजाने में निपुण कलाकार हैं

(1) पं. राजेन्द्र प्रसन्ना (2) श्री दुर्गालाल

(3) श्री अजय शंकर (4) श्री राकेश प्रसन्ना

**16.** निम्नलिखित में से कौन सा एक अन्यों से मेल नहीं खाता ?

(1) नखज (2) वायुज

(3) चर्मज (4) जलज

**17.** "तत् वितत् शिखर घन तारा ।

पाँचों शब्द होई झनकारा ।।"

उपर्युक्त किस ग्रन्थ में लिखा है ?

(1) पद्मावत (2) संगीत दर्पण

(3) मकरन्द (4) संगीत सार

**18.** तीन ताल की कमाली चक्रदार बिना परिवर्तन के अन्य किस ताल में बजायी जा सकती है ?

(1) एकताल (2) बसन्त

(3) रूपकताल (4) झपताल

**19.** गजझम्पा ताल के ठेके को उसी ताल में एक-एक बार दुगुन व चौगुन बजाकर सम पर आने हेतु किस मात्रा से प्रारम्भ किया जायेगा ?

(1) $3\frac{1}{2}$ के बाद (2) $3\frac{3}{4}$ के बाद

(3) $3\frac{1}{4}$ के बाद (4) $3\frac{1}{3}$ के बाद

**20.** रुद्र ताल में बेदम तिहाई कितने वर्णों की होगी ?

(1) 13 (2) 15

(3) 17 (4) 19

21. Read Assertion (A) and Reason (R) and give the correct answer with the help of codes given below :

**Assertion (A) :** Avanaddha Vadak of North India usually use the term Bānt in sense of Prastār.

**Reason (R) :** Various Bānts are played in Benaras Gharana.

**Codes :**

(1) (A) and (R) both are true.
(2) (A) and (R) both are false.
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

22. Anubhav has how many types ?

(1) Two
(2) Three
(3) Four
(4) Five

23. Match List – I with List – II. Use the code given below for right answer :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Quadruplet | (i) |  |
| (b) | Duplet | (ii) |  |
| (c) | Triplet | (iii) |  |
| (d) | Quintuplet | (iv) |  |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

24. Match List – I with List – II and choose the right answer from codes given below :

| | **List – I (Swara)** | | **List – II (Sign)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Black one | (i) | G # |
| (b) | Black two | (ii) | D # |
| (c) | White one | (iii) | C # |
| (d) | Black four | (iv) | C |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**21.** अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़ें और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनें :

**अभिकथन (A) :** उत्तर भारतीय अवनद्ध वादक प्रस्तार के अर्थ में प्राय: बाँट शब्द का व्यवहार करते हैं ।

**कारण (R) :** बनारस घराने में बाँट का अधिकाधिक वादन होता है ।

**कूट :**

(1) (A) व (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) व (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) सही है, (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, (R) सही है ।

**22.** अनुभाव के कितने प्रकार होते हैं ?

| | |
|---|---|
| (1) दो | (2) तीन |
| (3) चार | (4) पाँच |

**23.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए । कूट की सहायता से सही उत्तर दर्शाएँ :

| | सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|---|
| (a) | क्वाड्रुप्लेट | (i) |  |
| (b) | डुप्लेट | (ii) |  |
| (c) | ट्रिप्लेट | (iii) |  |
| (d) | क्विण्टूप्लेट | (iv) |  |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**24.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा कूट की सहायता से सही उत्तर दर्शाइए :

| | सूची – I (स्वर) | | सूची – II (चिह्न) |
|---|---|---|---|
| (a) | काली एक | (i) | G # |
| (b) | काली दो | (ii) | D # |
| (c) | सफेद एक | (iii) | C # |
| (d) | काली चार | (iv) | C |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**25.** Which one of the following is a treatise authored by Vishnu Sharma ?

(1) Ashtottar shat tāl lakshanam (2) Dashottar shat tāl lakshanam

(3) Tāl lakshanam (4) Shat tāl lakshanam

**26.** Who is the author of the book 'Tablā Vādan Shāshtra Evam Kala' ?

(1) Girish Chandra Srivastav (2) Sudhir Mainkar

(3) Arvind Mulagaokar (4) Vasant Lele

**27.** Upanga Vadya belongs to which category ?

(1) Tāl vadya (2) Swar vadya

(3) Ghan vadya (4) None of the above

**28.** Choose the right order.

(1) Paungun, Dedhgun, Tigun, Chhahgun

(2) Dedhgun, Paungun, Tigun, Chhahgun

(3) Paungun, Dedhgun, Chhahgun, Tigun

(4) Paungun, Chhahgun, Dedhgun, Tigun

**29.** Tabla player who was expert in playing laggi with thumri

(1) Ustad Nizamuddin Khan (2) Ustad Ramjan Khan

(3) Ustad Najimuddin Khan (4) Ustad Bashiruddin Khan

**30.** Ten pranās of Tāl indicate :

(1) Tāl management (2) Ten types of tālas

(3) Speciality of tālas (4) Tāl

**31.** Sam, Ateet and Anagat are kinds of

(1) Laya (2) Taal

(3) Graha (4) Yati

**32.** The artists of which Gharana use the same Mudrā (Takhallus) in their bandish ?

(1) Bhindi Bazar Gharana (2) Kirana Gharana

(3) Jaipur Gharana (4) Gwalior Gharana

**33.** Which one of the following gharānās uses the language such as : 'dhān katak dhan tak tak dhat dhat dhat tat' ?

(1) Benaras (2) Lucknow

(3) Farrukhabad (4) Punjab

**34.** Who among the following is not a tablā player ?

(1) Dr. Yogmaya Shukla (2) Sushree Anuradha Paul

(3) Sushree Rimpa Shiva (4) Sushree Chitrangana Pant

**25.** विष्णु शर्मा द्वारा रचित ग्रन्थ है

(1) अष्टोत्तर शत ताल लक्षणम्
(2) दशोत्तर शत ताल लक्षणम्
(3) ताल लक्षणम्
(4) शत ताल लक्षणम्

**26.** "तबला वादन शास्त्र एवं कला" के लेखक कौन हैं ?

(1) गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव
(2) सुधीर माईणकर
(3) अरविन्द मुलगाँवकर
(4) वसंत लेले

**27.** उपंग वाद्य किस श्रेणी का वाद्य है ?

(1) ताल वाद्य
(2) स्वर वाद्य
(3) घन वाद्य
(4) इनमें से कोई नहीं

**28.** सही क्रम में लिखित उत्तर चुनिए :

(1) पौनगुन, डेढ़गुन, तिगुन, छ:गुन
(2) डेढ़गुन, पौनगुन, तिगुन, छ:गुन
(3) पौनगुन, डेढ़गुन, छ:गुन, तिगुन
(4) पौनगुन, छ:गुन, डेढ़गुन, तिगुन

**29.** ठुमरी के साथ लग्गी बजाने में निपुण तबला-वादक

(1) उ. निजामुद्दीन खाँ
(2) उ. रमजान खाँ
(3) उ. नजीमुद्दीन खाँ
(4) उ. बशीरुद्दीन खाँ

**30.** ताल के दस प्राण द्योतित करते हैं

(1) ताल-योजना
(2) ताल के दस प्रकार
(3) ताल की विशेषता
(4) ताल

**31.** सम, अतीत और अनागत – प्रकार हैं

(1) लय के
(2) ताल के
(3) ग्रह के
(4) यति के

**32.** किस घराने के सभी कलाकार एक ही मुद्रा (तख़ल्लुस) का प्रयोग अपनी बंदिशों में करते हैं ?

(1) भिण्डी बाजार घराना
(2) किराना घराना
(3) जयपुर घराना
(4) ग्वालियर घराना

**33.** "धाण कतक धन तक तक धत् धत् धटतट" इस भाषा का प्रयोग किस घराने में होता है ?

(1) बनारस
(2) लखनऊ
(3) फर्रूखाबाद
(4) पंजाब

**34.** इनमें से कौन तबला वादिका नहीं है ?

(1) डॉ. योगमाया शुक्ला
(2) सुश्री अनुराधा पाल
(3) सुश्री रिम्पा शिवा
(4) सुश्री चित्रांगना पन्त

**35.** One Chakra (Pallā) in Kamali Chakkardār in Pancham Sawāri will consist of how many mātrās ?

(1) 25 (2) 26

(3) 27 (4) 23

**36.** 'Lahori gat' is an speciality of which gharana ?

(1) Farrukhabad (2) Benaras

(3) Delhi (4) Punjab

**37.** The characteristics of how many ancient tālās have been described in the Ashtottar Shat tāl lakshanam ?

(1) 8 (2) 108

(3) 1008 (4) 180

**38.** Read Assertion (A) and Reason (R) and give the correct answer with the help of codes given below :

**Assertion (A) :** According to Sangeet Ratnakar the right side of a Bheri Vadya is played with a stick and left with hand.

**Reason (R) :** Because this has been shown as the speciality of Bheri Vadan.

**Codes :**

(1) (A) and (R) both are true. (2) (A) and (R) both are false.

(3) (A) is true, but (R) is false. (4) (A) is false, but (R) is true.

**39.** Most of the Bandishen (compositions) of Tabla had been created in

(1) Varnik Chhanda (2) Matrik Chhanda

(3) Varnik and Matrik Chhandas both (4) None of the above

**40.** Match the following. Use the code given below to give right answer.

| | **List – I (Book)** | | **List – II (Publisher)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Bhartiya Sangeet Vadhya | (i) | Swar Sadhna Samiti, Mumbai |
| (b) | Bhartiya Taalon ka Shastriya – Vivechan | (ii) | Papular Prakashan, Mumbai |
| (c) | Pakhawaj Aur Tabla ke Gharane Evam Parmparayen | (iii) | M.P. Granth Academy, Bhopal |
| (d) | Taal Kosh | (iv) | Bhartiya Gyanpeeth, New Delhi |
| | | (v) | Ruby Prakashan, Allahabad |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**35.** पंचम सवारी ताल में कमाली चक्करदार का एक चक्र (पल्ला) कितनी मात्रा का होगा ?

(1) 25 (2) 26

(3) 27 (4) 23

**36.** 'लाहोरी गत' किस घराने की विशेषता है ?

(1) फर्रुखाबाद (2) बनारस

(3) दिल्ली (4) पंजाब

**37.** अष्टोत्तर शत ताल लक्षणम् में कितने प्राचीन तालों के लक्षण बताये हैं ?

(1) 8 (2) 108

(3) 1008 (4) 180

**38.** अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़ें और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनें :

**अभिकथन (A) :** संगीत रत्नाकर के अनुसार भेरी वाद्य को दाहिनी ओर लकड़ी तथा बाँयी ओर हाथ से बजाया जाता है ।

**कारण (R) :** क्योंकि संगीत सार ग्रन्थ में भेरी वादन के लक्षण यही बताये गये हैं ।

**कूट :**

(1) (A) व (R) दोनों सही हैं ।

(2) (A) व (R) दोनों गलत हैं ।

(3) (A) सही है, (R) गलत है ।

(4) (A) गलत है, (R) सही है ।

**39.** तबले की बंदिशें सर्वाधिक पायी जाती हैं :

(1) वार्णिक छंद में (2) मात्रिक छंद में

(3) वार्णिक एवं मात्रिक छंद दोनों में (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** सुमेलित कीजिये तथा कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिए :

| **सूची – I (पुस्तक)** | **सूची – II (प्रकाशक)** |
|---|---|
| (a) भारतीय संगीतवाद्य | (i) स्वर साधना समिति, मुंबई |
| (b) भारतीय तालों का शास्त्रीय विवेचन | (ii) पापुलर प्रकाशन, मुंबई |
| (c) पखावज और तबला के घराने एवं परंपराएँ | (iii) म.प्र. ग्रंथ अकादमी, भोपाल |
| (d) ताल कोश | (iv) भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली |
| | (v) रूबी प्रकाशन, इलाहाबाद |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (v) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (v) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**41.** Total Akshar kal of Mishrajati Jhamptal

(1) 10 (2) 9

(3) 8 (4) 7

**42.** Who is the author of the book 'Bharat Kosh' ?

(1) Bharat Muni (2) Someshwar

(3) Sudha Kalash (4) Narad Muni

**43.** Which one among the following is a book written by Mannuji Mridangacharya ?

(1) Sangeet Saramrut (2) Mridang-Vadan

(3) Mridang Prabhakar (4) Taal Dipika

**44.** The first Avanaddha Vadya to be tuned to swara was

(1) Bhu Dundubhi (2) Tri Pushkar

(3) Patah (4) Bheri

**45.** Which one of the following is written in a proper chronological order ?

(1) Abid Hussain, Wazid Hussain, Ilmas Hussain, Afaque Hussain

(2) Wazid Hussain, Abid Hussain, Ilmas Hussain, Afaque Hussain

(3) Wazid Hussain, Abid Hussain, Afaque Hussain, Ilmas Hussain

(4) Abid Hussain, Wazid Hussain, Afaque Hussain, Ilmas Hussain

**46.** In which year two Tablā players simultaneously received their Padma Awards ?

(1) 2002 (2) 2003

(3) 2004 (4) 2005

**47.** Meaning of the term 'Vitat' in Sanskrit is

(1) Spread (2) Bounded

(3) Placed (4) None of the above

**48.** 'Timila' is an Avanaddha Vadya from which state ?

(1) Tamil Nadu (2) Telangana

(3) Kerala (4) Andhra Pradesh

**49.** Which among the following is Nāgbandh Pātaksharā according to Sangeet Ratnākar ?

(1) n n gid gid dagi (2) gid gid dat th

(3) thaungi thaungi (4) tan gin gin nagi

**41.** मिश्रजाति झम्पताल के कुल अक्षर काल

(1) 10 (2) 9

(3) 8 (4) 7

**42.** भरत कोष के लेखक हैं

(1) भरत मुनि (2) सोमेश्वर

(3) सुधा कलश (4) नारद मुनि

**43.** मन्नूजी मृदंगाचार्य द्वारा लिखित पुस्तक है

(1) संगीत सारामृत (2) मृदंग-वादन

(3) मृदंग प्रभाकर (4) ताल दीपिका

**44.** स्वर में मिलाने वाला सबसे पहला अवनद्ध वाद्य कौन सा है ?

(1) भू-दुंदूभी (2) त्रिपुष्कर

(3) पटह (4) भैरी

**45.** निम्न में से कौन सा विकल्प सही ऐतिहासिक क्रम में व्यवस्थित है ?

(1) आबिद हुसैन, वाजिद हुसैन, इलमास हुसैन, आफ़ाक हुसैन

(2) वाजिद हुसैन, आबिद हुसैन, इलमास हुसैन, आफ़ाक हुसैन

(3) वाजिद हुसैन, आबिद हुसैन, आफ़ाक हुसैन, इलमास हुसैन

(4) आबिद हुसैन, वाजिद हुसैन, आफ़ाक हुसैन, इलमास हुसैन

**46.** किस वर्ष एक साथ दो तबला-वादकों को पद्म पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?

(1) 2002 (2) 2003

(3) 2004 (4) 2005

**47.** संस्कृत भाषा में वितत शब्द का अर्थ है

(1) फैला हुआ (2) बन्धा हुआ

(3) रखा हुआ (4) इनमें से कोई नहीं

**48.** 'तिमिला' किस राज्य का अवनद्ध वाद्य है ?

(1) तमिलनाडु (2) तेलंगाना

(3) केरल (4) आन्ध्र प्रदेश

**49.** संगीत रत्नाकर के अनुसार नागबंध पाटाक्षर हैं :

(1) न न गिड, गिड दगि (2) गिड गिड दत् थ

(3) थौंगि थौंगि (4) टन गिन गिन नगि

**50.** Which finger is used to produce 'ti' syllable in Delhi gharana ?

(1) Tarjani (2) Madhyama

(3) Anamika (4) Kanishthika

**51.** Guru (trainer) of Prof. Sudhir Kumar Verma :

(1) Ustad Ahmed Jan Thirkava (2) Ustad Amir Hussain

(3) Ustad Jahangir Khan (4) Prof. Sudhir Kumar Saxena

**52.** The form of Sampkveshyak tāl is similar to which of the following ?

(1) S | S̒ S̒ | S (2) S̒ S S S S̒

(3) S̒ | S S | S̒ (4) S S̒ S S̒ S

**53.** Which Layakari will be formed in playing Ganesh tāl (21 Mātrās) in Rupak tāl in one avartan from sam to sam ?

(1) Dugun (2) Tigun

(3) Chaugun (4) Aād

**54.** Navpanch tāl of Ravindra Sangeet consists of 5 beats (matras).

(1) True (2) False

(3) Doubtful (4) None of the above

**55.** Read Assertion (A) and Reason (R) and give the correct answer with the help of codes given below :

**Assertion (A) :** Laggi-Ladi is usually played in Dadra and Keharwa talas.

**Reason (R) :** Because these talas have more gravity and less playfulness.

**Codes :**

(1) (A) is true but (R) is false.

(2) (A) is false, but (R) is true.

(3) (A) and (R) both are true.

(4) (A) and (R) both are false.

**56.** Chhand Shāstra/Pingal Shāshtra is a work of which period ?

(1) Ramayana Kāl (2) Sutra Kāl

(3) Mahābhārat Kāl (4) None of the above

**50.** दिल्ली घराने में 'ति' वर्ण के निकास के लिये मूलत: किस अंगुली का प्रयोग किया जाता है ?

(1) तर्जनी (2) मध्यमा

(3) अनामिका (4) कनिष्ठिका

**51.** प्रो. सुधीर कुमार वर्मा के गुरु हैं

(1) उ. अहमद जान थिरकवा (2) उ. अमीर हुसैन

(3) उ. जहाँगीर खाँ (4) प्रो. सुधीर कुमार सक्सेना

**52.** 'सम्पक्वेष्यक' ताल का स्वरूप है

(1) S | Ś Ś | S (2) Ś S S S Ś

(3) Ś | S S | Ś (4) S Ś S Ś S

**53.** रूपक ताल में गणेश ताल (21 मात्रा) को सम से सम तक एक आवर्तन में बजाने पर कौन सी लयकारी बनेगी ?

(1) दुगुन (2) तिगुन

(3) चौगुन (4) आड़

**54.** रवीन्द्र संगीत का नवपंच ताल 5 मात्राओं का है ।

(1) सही (2) गलत

(3) सन्देह (4) इनमें से कोई नहीं

**55.** अभिकथन (A) तथा कारण (R) को पढ़ें और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनें :

**अभिकथन (A) :** लग्गी-लड़ी प्राय: दादरा व कहरवा तालों में ही बजाई जाती है ।

**कारण (R) :** क्योंकि इन तालों में गांभीर्य अधिक, चंचलता कम है ।

**कूट :**

(1) (A) सही है तथा (R) गलत है ।

(2) (A) गलत है तथा (R) सही है ।

(3) (A) तथा (R) दोनों सही हैं ।

(4) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं ।

**56.** छन्द शास्त्र / पिंगल शास्त्र किस काल की रचना है ?

(1) रामायण काल (2) सूत्र काल

(3) महाभारत काल (4) इनमें से कोई नहीं

**57.** Match the following styles and gharanas given in List–I and List – II. Use the code given below for right answer :

| List – I (Style) | | List – II (Gharana) | |
|---|---|---|---|
| (a) | A baj of two fingers | (i) | Ajrada |
| (b) | Famous for Gatās | (ii) | Benaras |
| (c) | Famous for Fard | (iii) | Farrukhabad |
| (d) | Famous for Quayadas of Adā Laya | (iv) | Punjab |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**58.** Structure of Triput taal in Karnatak taal system is

(1) 100
(2) 10
(3) 1001
(4) 1100

**59.** Who has written the foreword of the book 'Pakhawaj Aur Tabla ke Gharane Evam Paramparayen' ?

(1) Thakur Jaideo Singh
(2) Dr. Subhadra Chowdhari
(3) Dr. Aban Mistri
(4) Dr. Yogmaya Shukla

**60.** Which of the following terms has been used for Vrindvadan in Pali literature ?

(1) Aatodya
(2) Turiya
(3) Dyotak
(4) None of the above

**61.** 'Jhagen Jhagen dhage Jhage tit ghidan' is a language of which musical instrument ?

(1) Manipuri Khol
(2) Nakkara
(3) Dholak
(4) Mridangam

**62.** Choose the right order.

(1) Sām Gān, Dhruv Pada, Prabandh, Khayal
(2) Sām Gān, Prabandh, Dhruvpada, Khayal
(3) Prabandh, Sām Gān, Dhruvpada, Khayal
(4) Prabandh, Sām Gān, Khayal, Dhruvpada

**57.** सूची-I और सूची-II में दिए शैली और घरानों को सुमेलित कीजिए तथा कूट की सहायता से सही उत्तर दीजिए :

| **सूची – I (शैली)** | | **सूची – II (घराना)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | दो अंगुली का बाज | (i) | अजराडा |
| (b) | गतों के लिये प्रसिद्ध | (ii) | बनारस |
| (c) | फर्द के लिये प्रसिद्ध | (iii) | फर्रुखाबाद |
| (d) | आड लय के कायदों के लिये प्रसिद्ध | (iv) | पंजाब |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**58.** कर्नाटक ताल पद्धति में त्रिपुट ताल का स्वरूप है

(1) 100 (2) 10
(3) 1001 (4) 1100

**59.** "पखावज और तबला के घरानें एवं परम्परायें" पुस्तक की प्रस्तावना किसने लिखी है ?

(1) ठाकुर जयदेव सिंह (2) डॉ. सुभद्रा चौधरी
(3) डॉ. आबान मिस्त्री (4) डॉ. योगमाया शुक्ला

**60.** पाली साहित्य में वृन्दवादन के लिये किस शब्द का प्रयोग होता था ?

(1) आतोद्य (2) तुरिय
(3) द्योतक (4) इनमें से कोई नहीं

**61.** 'झागेन झागेन धागे झागे तित घिड़ान' यह किस अवनद्ध वाद्य की भाषा है ?

(1) मणिपुरी खोल (2) नक्कारा
(3) ढ़ोलक (4) मृदंगम्

**62.** सही क्रम को चुनिये :

(1) सामगान, ध्रुवपद, प्रबन्ध, ख़्याल
(2) सामगान, प्रबन्ध, ध्रुवपद, ख़्याल
(3) प्रबन्ध, सामगान, ध्रुवपद, ख़्याल
(4) प्रबन्ध, सामगान, ख़्याल, ध्रुवपद

**63.** In which year two Tablā players simultaneously received their Sangeet Natak Academy awards ?

(1) 1997 (2) 1998

(3) 1991 (4) 1993

**64.** Bharat Bhashyam by Nanyadev consists of about how many Shlokas ?

(1) 2000 (2) 3000

(3) 4000 (4) 7000

**65.** Who is the founder of Swar Sadhna Samiti, Mumbai ?

(1) Dr. Yogmaya Shukla (2) Dr. Anita Sen

(3) Prof. Poornima Pandey (4) Dr. Aban E. Mistri

**66.** Ancient Upang Vadya is now popular in Bengal as

(1) Swar Lahari (2) Vadya Lahari

(3) Upang Lahari (4) Anand Lahari

**67.** Which finger is used to maintain speed in Kayadas of Ajarada Gharana ?

(1) Tarjani (2) Madhyama

(3) Anamika (4) Kanishthika

Read the following passage carefully and answer the following questions on the basis of your understanding of the text :

From the very beginning Avanaddha Vadyas had an important place in Indian music. In Natyashashtra by Bharat, the description of Tripushkar, a highly developed Avanaddha Vadya explains that such Anga Vadyas were popular even two thousand years ago. In fact, Avanaddha Vadyas had two clear categories – Angā Vādyās and Pratyanga Vadyās.

The instruments on which the desired notes were obtained with the help of 'Lepan' on their face were called 'Anga Vadyas', while the instruments which could not be tuned to the desired notes were called 'Pratyang Vadyas'.

The Avanaddha Vadyas were used only for accompaniment. Gradually, a complete and beautiful Avanaddha Vadya named 'Tablā' came into picture and then became popular, and later, along with the accompaniment, the tradition of solo Tablā playing started.

With the amalgamation of different playing techniques, compositions of syllables in different manners, use of Layakari, special composition types and way of presentation; six unique Gharānās of solo Tablā playing came into existence.

Delhi Gharana focussed on compositions of Chatasra Jāti, playing mainly on Chant (Kinār) and emphasis on use of two fingers (i.e. Index and middle), while two disciples of the same Gharānā enriched Tablā playing by using the ring finger along with Index and middle and by making compositions of Tisra Jāti, which resulted into the emergence of Ajarada Gharanā.

The maestros of Lucknow Gharana created a new flavour with their resonant and forceful technique of Tabla playing. Ustad Hazi Vilayat Ali of Farrukhabad Gharana, with his extra ordinary skills, composed many beautiful 'Gata's, although he was trained by the famous Tabla maestro of Lucknow, Ustad Bakhshoo Khan.

The founder of Benaras Gharana, Pandit Ram Sahay too was the disciple of Ustad Modu Khan of Lucknow Gharana, while Punjab Gharana was popularised by Ustad Qadir Bhakhsh (Second) and his disciples viz. Ustad Allarakha Khan and Ustad Shauqat Hussain etc.

Presently, the instrument 'Tabla' is a necessary part of music and placed on top by virtue of it's popularity of solo playing and as an accompanying instrument with classical, semi classical, light music and filmy music.

**63.** किस वर्ष एक साथ दो तबला-वादकों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है ?

(1) 1997 (2) 1998

(3) 1991 (4) 1993

**64.** नान्यदेव कृत भरत भाष्यम् में लगभग कितने श्लोक हैं ?

(1) 2000 (2) 3000

(3) 4000 (4) 7000

**65.** स्वर साधना समिति-मुंबई का संस्थापक कौन है ?

(1) डॉ. योगमाया शुक्ला (2) डॉ. अनिता सेन

(3) प्रो. पूर्णिमा पाण्डे (4) डॉ. आबान् ई. मिस्त्री

**66.** प्राचीन उपंग वाद्य वर्तमान में बंगाल में किस नाम से प्रचलित है ?

(1) स्वर लहरी (2) वाद्य लहरी

(3) उपंग लहरी (4) आनन्द लहरी

**67.** अजराड़ा घराने के कायदों में गतिमानता बनाए रखने के लिये किस अंगुली का प्रयोग किया गया ?

(1) तर्जनी (2) मध्यमा

(3) अनामिका (4) कनिष्ठिका

अनुच्छेद को पढ़कर दिये गये प्रश्नों (**68** से **75**) के उत्तर दीजिए :

प्रारम्भ से ही भारतीय संगीत में अवनद्ध वाद्यों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है । भरत कृत नाट्यशास्त्र में त्रिपुष्कर जैसे उन्नत अवनद्ध वाद्य का वर्णन यह स्पष्ट करता है कि लगभग दो हजार वर्ष पूर्व भी संगीत में ऐसे अंग वाद्य प्रचार में थे । वस्तुत: अवनद्ध वाद्यों के दो स्पष्ट भेद थे, अंग वाद्य और प्रत्यंग वाद्य । जिन वाद्यों के मुखों पर लेपन कर उनमें इच्छित स्वर की स्थापना की जाती थी वे 'अंग वाद्य' कहलाते थे जबकि जिन वाद्यों को इच्छित स्वर में मिलाना संभव नहीं था, उन्हें प्रत्यंग वाद्य कहा जाता था ।

मुख्य रूप से अवनद्ध वाद्यों का कार्य संगति करना था । शनै: शनै: विकसित होकर 'तबला' जैसा सर्वाङ्ग सुन्दर अवनद्ध वाद्य प्रचार में आकर लोकप्रिय हुआ और फिर संगति के साथ-साथ एकल तबला वादन की परम्परा शुरु हुई । अलग वादनतकनीक, विविधतापूर्ण वर्ण संयोजन, लयकारी का प्रयोग, विशिष्ट रचना प्रकार और प्रस्तुतिकरण के अनूठेपन से एकल तबला वादन के छह प्रमुख घराने प्रचलित हुये । दिल्ली घराने में चतस्र जाति की रचनाओं, तबले की किनार (चांट) की प्रधानता तथा तर्जनी और मध्यमा इन दो ऊंगलियों के प्रयोग को अपनाया गया जबकि उसी घराने के दो शिष्यों ने अनामिका के अतिरिक्त तर्जनी और मध्यमा के प्रयोग और तिस्र जाति की रचनाओं से तबला वादन को समृद्ध किया जिसके फल-स्वरूप अजराड़ा घराना अस्तित्व में आया । लखनऊ घराने के उस्तादों ने अपनी खुली और ज़ोरदार वादन शैली के चलते एक अलग ही सौन्दर्य की सृष्टि की । फर्रुखाबाद घराने के उस्ताद हाजी विलायत अली ने अपनी विशिष्ट प्रतिभा से अनेक सुन्दर गतों की रचना की जबकि इनकी उच्च शिक्षा लखनऊ के प्रसिद्ध ताबलिक उस्ताद बख़्शू खां से हुई थी । बनारस घराने के संस्थापक पंडित राम सहाय भी लखनऊ घराने के उस्ताद मोदू खां साहब के शिष्य थे जबकि दूसरी ओर पंजाब घराने को लोकप्रिय बनाने में उस्ताद क़ादरबख़्श (द्वितीय) तथा उनके शिष्यों यथा उस्ताद अल्लारखा, उस्ताद शौकत हुसैन आदि का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा । एकल वादन की लोकप्रियता तथा शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, सुगम और फिल्मी संगीत में संगति के चलते वर्तमान में तबला वाद्य संगीत के एक अनिवार्य घटक के रूप में शिखर पर स्थापित है ।

**68.** How many types of Avanaddha Vadyās are mentioned by Bharat ?

(1) Four (2) Five

(3) Two (4) Three

**69.** Instruments which could be tuned to the desired notes are called

(1) Pratyang (2) Upang

(3) Anga (4) Matang

**70.** The total number of popular Gharanas of solo Tabla playing are :

(1) four (2) five

(3) six (4) two

**71.** The Tabla Gharāna famous for 'Kinār Ka Bāj' and compositions of Chatasrā Jatis :

(1) Farrukhabad (2) Delhi

(3) Ajarada (4) Lucknow

**72.** The Kaidas of Tisra Jāti started in

(1) Punjab Gharana (2) Delhi Gharana

(3) Ajarada Gharana (4) Benaras Gharana

**73.** The famous disciple of Ustad Bakhshoo Khan who established a new Gharana is

(1) Hazi Malang Khan (2) Hazi Amanat Ali

(3) Pt. Ram Sahay (4) Hazi Vilayat Ali

**74.** The senior 'Gurubhai' of Ustad Allarakha :

(1) Ustad Qadar Bakhsha (2) Ustad Shaukat Hussain

(3) Ustad Modu Khan (4) Ustad Lal Khan

**75.** From which Guru did Pt. Ram Sahay receive his Talim ?

(1) Ustad Mohammed Khan (2) Pt. Bhairav Sahay

(3) Ustad Modu Khan (4) Ustad Bakhshoo Khan

**68.** भरत ने अवनद्ध वाद्यों के कितने भेद कहे हैं ?

(1) चार (2) पाँच

(3) दो (4) तीन

**69.** इच्छित स्वर में मिलाये जा सकने वाले वाद्य कहलाते हैं

(1) प्रत्यंग (2) उपंग

(3) अंग (4) मतंग

**70.** तबला एकल वादन के कुल कितने प्रमुख घराने हैं ?

(1) चार (2) पाँच

(3) छह (4) दो

**71.** किनार का बाज और चतस्र जाति की रचनाओं के लिये प्रसिद्ध तबला घराना

(1) फर्रुखाबाद (2) दिल्ली

(3) अजराड़ा (4) लखनऊ

**72.** तिस्र जाति के क़ायदों का प्रारंभ हुआ

(1) पंजाब घराने में (2) दिल्ली घराने में

(3) अजराड़ा घराने में (4) बनारस घराने में

**73.** उस्ताद बख्शू खां के प्रसिद्ध शिष्य जिन्होंने एक नये घराने की स्थापना की

(1) हाजी मलंग खां (2) हाजी अमानत अली

(3) पं. राम सहाय (4) हाजी विलायत अली

**74.** उस्ताद अल्लारखा खां के वरिष्ठ गुरुभाई

(1) उस्ताद क़ादरबख्श (2) उस्ताद शौकत हुसैन

(3) उस्ताद मोदू खां (4) उस्ताद लाल खां

**75.** पण्डित राम सहाय ने किस गुरु से शिक्षा प्राप्त की ?

(1) उस्ताद मोहम्मद खां (2) पं. भैरव सहाय

(3) उस्ताद मोदू खां (4) उस्ताद बख्शू खां

**Space For Rough Work**